जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-41 | जयपुर, सोमवार, 06 नवम्बर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4



## भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा ने दाखिल किया नामांकन

### नामांकन रैली में उमड़ी हजारों लोगो की भीड़

**चौमूं (हमारा वतन)** चौमूं विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रामलाल शर्मा ने गढ़ गणेश मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर हज़ारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब के साथ उपखंड कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र से नामांकन सभा में हजारों लोगो की भीड़ उमड़ी। नामांकन दाख़िल करने से पूर्व गढ़ गणेश मंदिर बस स्टैंड पर सभा का आयोजन किया तथा ढोल नगाड़ों एवं भारत माता की जय, वंदे मातरम, रामलाल शर्मा ज़िंदाबाद के नारे लगाते हुए लोगों का जनसमूह उपखंड कार्यालय पहुँचा।

इस दौरान जगह जगह जेसीबी व क्रेन लगाकर कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा की गई तथा रामलाल शर्मा को 101 मीटर का साफ़ा और 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। नामांकन सभा में पधारे विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पुनिया ने कहा चौमूं विधानसभा से हज़ारों की तादाद में पधारे देवतुल्य जनता को देखकर लग रहा है कि चौमूँ वासियो ने रामलाल शर्मा को चौथी बार विधानसभा में भेजने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा 25 नवंबर को भाजपा को मतदान देकर ईवीएम मशीन को गर्म कर देना है और 50 हजार से अधिक मतो से विजय बनाना है।

सांसद सुमेधानन्द सरस्वती ने हज़ारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब से अपील करते करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा को भारी मत व समर्थन देकर फिर से विधानसभा में पहुँचाना है और केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार राजस्थान में विकास को गति प्रदान करेंगे। भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा जैसे ही सभा को संबोधित करने के लिए खड़े हुए युवाओं ने रामलाल शर्मा ज़िंदाबाद, भारत माता की जय, राम लक्ष्मण जानकी- जय बोलो हनुमान की, के नारों से पांडाल गूंज उठा।

प्रत्याशी रामलाल शर्मा ने चौमूँ विधानसभा से पधारे कार्यकर्ताओं और देवतुल्य जनता जनार्दन का धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के स्नेह, प्यार एवं आर्शीवाद की वजह से भारतीय जनता पार्टी ने मुझे फिर से प्रत्याशी बनाकर आपके बीच में चाहे भेजा है। मैंने हमेशा चौमूँ के विकास के बारे में सोचा है और आगे भी चौमूँ के विकास के लिए प्रयासरत रहूँगा। उन्होने सर्वप्रथम वीर हनुमान जी के बंद पड़े रोप वे को पुनः चालू करवाने, चौमूँवासियों के लिए पेयजल व्यवस्था, सीवरेज लाइन का कार्य सहित क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करवाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस बार हनुमान जी की गदा कर्जमाफ़ी का झूठा वादा करने वालो, 26 लाख युवाओं के साथ पेपरलीक कर अन्याय करने वालो, बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वालो और भ्रष्टाचारियों पर पड़ने वाली है। सभा स्थल से रैली के रूप में रवाना होकर उपखंड कार्यालय पहुँचकर दोपहर 12:15 बजे निर्वाचन अधिकारी राजेश जाखड़ को अपना नामांकन दाखिल किया।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान का नई दिल्ली में हुआ समापन राजस्थान को मिला 'अमृत अवार्ड'

**नई दिल्ली (हमारा वतन)** राजस्थान ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में तृतीय स्थान हासिल कर अमृत अवार्ड प्राप्त किया है।

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के भव्य समापन समारोह में यह पुरस्कार मुख्य सचिव उषा शर्मा ने प्रधानमंत्री से ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 3 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ मंत्रालयों और विभागों को आजादी का अमृत पुरस्कार प्रदान किए।

उल्लेखनीय है कि इन पुरस्कारों का चयन उच्च स्तर पर गठित एक समिति द्वारा किया गया। जिसके अनुसार 36 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में से 3 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रथम पुरस्कार जम्मू और कश्मीर को द्वितीय पुरस्कार गुजरात को दिया गया। तीसरा पुरस्कार संयुक्त रूप से राजस्थान और हरियाणा राज्य को प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुरस्कार विजेता राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और मंत्रालयों को बधाई दी।



## कांग्रेस ने चौमूं से डॉ. शिखा मील बराला को दिया टिकट



**जयपुर (हमारा वतन)** राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर 25 नवंबर को मतदान होगा । सभी राजनीतिक पार्टियों अपने प्रत्याशियों के चयन को लेकर मंथन किया है । साथ ही जीत के लिए रणनीति भी तैयार कर रही है । कांग्रेस ने चौमूं विधानसभा में बदलाव किया है और भगवान सहाय सैनी के स्थान पर समाजसेवी और आईवीएफ स्पेस्लिस्ट डॉ. शिखा मील बराला को टिकट दिया है । वहीं भाजपा ने विधायक रामलाल शर्मा पर पांचवीं बार विश्वास जताया है ।

## जयपुर में विशाल भजन संध्या का हुआ आयोजन, पंडित रविन्द्राचार्य का हुआ भव्य सम्मान



**जयपुर (हमारा वतन)** श्री राधे माखन चोर कृष्णा फाउंडेशन, शिव हनुमान मंदिर, जय करणी नगर, श्री अंबे हॉस्पिटल के पीछे, निवारू रोड जयपुर में श्री श्याम विशाल भजन संध्या एवं माता के भजनों का आयोजन हुआ।

तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य का भव्य सम्मान हुआ । सम्मान स्वरूप बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर, साफा बांधकर व माला पहनाकर सम्मान किया । इस कार्यक्रम में श्री श्री 1008 अच्युत कृष्ण दास महाराज राम कुटिया धाम, आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री बालमुकुंद आचार्य महाराज हाथोज धाम ने सभी को आशीर्वाद दिया।

सभी कलाकारों ने भजनों से मंत्र मुग्ध कर दिया । गायक कलाकार संजय शेखावत व सोनाली शर्मा थे । इस दौरान पंडित मोहित शर्मा, मनोज शर्मा, सौरभ शर्मा पुजारी शिव हनुमान मंदिर ने सभी आए हुए अतिथिगणों का सम्मान किया ।

सभी देशवासियों को हमारा वतन समाचार पत्र की ओर से दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएँ

खादी वस्त्रों पर मिल रही 50 प्रतिशत की छूट !

खादी भारत
Khadi India

50% प्रतिशत की छूट

लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर
कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !



सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# डॉ. योगिता जोशी को मिला राधाकृष्णन समर्पण समाज गौरव अवार्ड 2023



**जयपुर (हमारा वतन)** दुर्गापुरा स्थित सियाम ऑडिटोरियम में समर्पण संस्थान का राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव 2023 अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से चयनित 57 विभूतियों को समर्पण समाज गौरव अवार्ड से अलंकृत किया गया।

संस्था के संस्थापक दौलत राम माल्या ने बताया कि राधाकृष्ण समर्पण समाज गौरव अवार्ड 2023, वेदांता इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या डॉ. योगिता जोशी को शिक्षा के क्षेत्र में लगातार पच्चीस वर्षों से उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों तथा समाज को दिए गए शैक्षिक अवदान एवं सामाजिक एवं साहित्यिक सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि डॉ. योगिता जोशी एक लेखक एवं कवयित्री भी हैं, इनके चार काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं।

# बांसा में मातृशक्ति धाम पर भव्य कलश यात्रा निकालकर हुई मूर्ति स्थापना



**जयपुर (हमारा वतन)** ग्राम बाँसा फतेहपुरा पेट्रोल पंप के पास स्थित मातृशक्ति धाम पर शिव पंचायत व दक्षिणमुखी बालाजी की मूर्ति स्थापना हुई। इससे पूर्व संत श्री श्री 1008 श्यामदास महाराज त्यागी व नागा श्री श्री 1008 महावीर दास महाराज हनुतपुरा के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य पं.विकास शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन करवाया। ग्राम स्थित लक्ष्मीनाथजी के मंदिर से अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने धर्म ध्वजा दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया। बलेसरा परिवार के मुख्य यजमान और जनसेवक रविकांत शर्मा ने बताया कि कलश यात्रा शाही लवाजमें के साथ रवाना हुई। 111 महिलाएँ डीजे की धुनों पर नाचते गाते ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए मातृशक्ति धाम पहुंची। दूसरे दिन दोपहर 12:15 बजे मूर्ति स्थापना के साथ पूर्णाहुति हुई।

इस मौके पर विधायक प्रत्याशी छुटटन यादव,विजय शर्मा, पप्पू शर्मा, प्रशान्त शर्मा, पं.दीपक शर्मा, पं.आशीष पारीक, पं.निर्मल शर्मा, श्यामप्रकाश शर्मा व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## कविता-पत्र

स्वीकार किया है दुःख सारा<br>सारा संकट.....सारी बाधा<br>जी चाहे तो कर देना<br>क्षण भर के लिए इसको आधा

पत्र तुम्हारे नाम लिखा<br>डाला है दान की पेटी में<br>गम के सिवाय कुछ है ही नहीं<br>क्या डालता मैं उस पेटी में

ज़ब पत्र तुम्हे मिल जाए तो<br>दे देना खबर के मिला तुम्हे<br>गर खबर नहीं दे पाए तो भी<br>होगा न कोई गिला मुझे

मन के पन्ने को पढ़ने वाले<br>कुछ आखर पत्र का पढ़ लेना<br>बहाना भी बनाना होगा तुम्हे<br>तो अच्छा बहाना गढ़ लेना

मेरे लिए यह काफ़ी होगा<br>के पत्र मेरा पढ़ पाए तुम<br>अपनी कृपा की निगाहों के बल<br>मेरे हर दुःख पर चढ़ आए तुम

कृपा की निगाहें ज़ब भी बाबा<br>मेरे आखर पर पड़ती होंगीं<br>जरा लिखने वाले का खयाल कर<br>तुमसे जरूर कहतीं होंगीं

मेरी नहीं उनकी सुन लो<br>या सुन लो दुआएं दाता की<br>मेरी अर्जी थी सो कह डाली<br>अब मर्जी तुम भाग्य विधाता की

क्या कागज को देखा तुमने??<br>हल्दी शुभता की लगाई है<br>मेरे पत्र में दुःख के आखर पर<br>शुभता की भी परछाई है

अब शुभ - शुभ तय है मान लिया<br>के स्वप्न में पत्र तुम पढ़ते दिखे<br>हर दुःख के सिर पगड़ी सुख की<br>स्थिरता......वाली मढ़ते दिखे

स्वप्न सच हो... न.... हो पर<br>सपने में तुमको देख लिया<br>आशा, सुख, मोह की गठरी<br>बड़े दूर तलक मैं फेंक दिया

हकीकत करने का मन कर जाए<br>आहिस्ते से मुझे बतला देना<br>वो स्वप्न वाला रूप भी बाबा<br>हकीकत में दिखला देना

बस यही बात थी कह डाली<br>आगे का मेरा तुम जानों<br>जो ठाना था वो कह डाला<br>जो ठानना है वो तुम ठानों

- सिद्धार्थ गोरखपुरी



# राष्ट्रीय जाट महासभा जिला अध्यक्ष कालूराम झाझड़िया ने शुरू की अच्छी पहल



**जयपुर (हमारा वतन)** राष्ट्रीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष कालूराम झाझड़िया ने बताया कि बढ़ती मिलावटखोरी समाज के लिए चिंता का विषय है। वर्तमान समय में धनार्जन की होड़ एवं नैतिकता का पतन इन दोनों कारणों से मिलावटी माल बनाने बेचने का कारोबार असीमित रूप से बढ़ा है। खाद्य पदार्थों में मिलावट के नये नये तरीके अपनाए जा रहे है और इससे जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

यद्यपि मिलावट करना और ऐसे माल की आपूर्ति विक्रय करना क़ानूनी दृष्टि से अपराध है। समाज की नैतिकता एवं मूल्यों का पतन है, फिर भी चोरी छिपे यह दूषित धंधा खूब चल रहा है। मिलावट से हृदय गति रुकना, ब्रेन हेमरेज, कैंसर, जैसी भयंकर घातक बीमारी उत्पन्न हो रही है, इसे रोकने के लिए समाज को जागरूक होना होगा। ऐसे में हम प्रयास कर रहे हैं कि जिला जयपुर ग्रामीण में भारतीय जिम्मेदार नागरिक को मिलावटखोरों के खिलाफ सूचना देखकर दोषियों के खिलाफ जिम्मेदारी लेकर कड़ी कारवाई करवाई जाती है तो 51 सौ रुपए इनाम स्वरूप राशि व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। देश सूचना 181 संपर्क पोर्टल नंबर, 100 पुलिस कंट्रोल रूम, फूड कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया डिस्ट्रिक्ट ऑफिस फ़ूड प्रोसेसिंग कंपनी 0141 275 2268 इन नंबरों पर सूचना देकर मिलावट खोरी से समाज को बचाने का पूरा प्रयास करें और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करवाने में मदद करने की अपील की है।

# खम्भोलज साहित्य सेवा संस्था द्वारा ऑनलाइन कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



**गुजरात (हमारा वतन)** खंभोलज साहित्य सेवा मंच द्वारा ऑनलाइन कवि सम्मेलन कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. गुलाबचंद पटेल गुजरात से व विशेष अतिथि सुनिल दत्त मिश्रा उपस्थित रहे। स्नेही के. आई पटेल ने आशिर्वाद दिया। सरस्वती वंदना उषा दावडा द्वारा की गई। सभी गणमान्य व्यक्तियों का डॉ. शैलेश वाणिया शैल ने गर्मजोशी से स्वागत किया व मंच सहयोग प्रिती परमार प्रित ने किया। कुल 111 कवियों ने अपनी रचनाओं को पर्दे पर उतारा। व्हाट्सएप ग्रुप में 456 लोगों ने भाग लिया। किरण चोनकर दीवानी व संस्था अध्यक्ष शैलेष वाणिया शैल द्वारा कार्यक्रम में डिजिटल प्रमाण पत्र वितरण किया। निलेश राठोड नील गुजरात द्वारा अंत में धन्यवाद दिया गया। इस कवि सम्मेलन में गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार आदि राज्यों के कवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रगान अनिता राठोड गुजरात ने प्रस्तुत किया।

## (कविता)
## सुकून भरी हवा

आओ सुकून भरी हवा खाओ<br>प्रकृति से प्रेम करो<br>और दुख में सुख का आभास करो।

कभी दुनिया के शोर से निकल<br>और प्रकृति में थोड़ा पिघल।<br>खुद को थोड़ा बाहर निकालो<br>समस्याओं भरी इस जिन्दगी से

खुद को थोड़ा आराम दो<br>राहत सुकून भरी इस प्रकृति से।

देखो फूलो का वो खिलना और<br>महकना, ठंडी हवा का वो चलना

सुबह होते ही फिर चिड़ियों का चहकना<br>और शाम होते ही मौन धारण कर लेना।

प्रकृति की बात निराली ....<br>कह जाती कोयल काली....<br>और मन को भाती उसकी मधुर वाणी।

जरा देखो कैसे शाम आती है...<br>और लालिमा छाती है......

कैसे सुबह होती है...<br>और नीलांबर छाता है।

पत्तों का वो फड़फड़ाना...<br>और भवरों का वो गुनगुनाना...<br>कोयल से बारिश का वो संदेश आना<br>सावन में काली घटा का वो छा जाना<br>फूलो पे रंग बिरंगी तितलियो का आना।

ईश्वर ने भी क्या खूब रचना रची है<br>जो मन को आनंदित कर देती है

- पूजा गाडिया लोहार, पिपलिया चौहराया



# ब्राह्मण समाज के षष्ठ उपनयन यज्ञोपवीत संस्कार को लेकर आयोजित हुई बैठक



**जयपुर (हमारा वतन)** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के द्वारा श्याम मंदिर श्याम कॉलोनी, रेलवे स्टेशन रोड़, चौमूँ पर जिला संरक्षक शिक्षाविद् सांवरमल शास्त्री के सानिध्य एवं जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।


बैठक में सभी पदाधिकारीयों ने सर्वसम्मति से 19 फरवरी 2024 सोमवार को षष्ठ उपनयन यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम कागलिया वाले बालाजी, मोरीजा रोड, चौमूँ पर करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को संपन्न करवाने के लिए आचार्य पं अरुण कुमार शर्मा, उपाचार्य कैप्टन पं श्रीराम शर्मा, पं गोविंद शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी। ब्राह्मण बटुकों का रजिस्ट्रेशन 10 नवंबर 2023 से किए जाएंगे। इस दौरान चंद्र प्रकाश शर्मा, पं रामस्वरूप शर्मा, डॉ ओम प्रकाश शर्मा, डॉ बंशीधर शर्मा, डॉ राम प्रकाश शर्मा, इंद्र कुमार शर्मा, श्रीराम बटवाल, ओमप्रकाश रीडर, नारायण लाल शर्मा, राम बिहारी शर्मा, मुकेश लालानी, पं रामरतन सुरोलिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जॉब्स

1. राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, पद लॉ ऑफिसर, जूनियर साइंटिफिक ऑफिसर व अन्य, पद संख्या 114, अंतिम तिथि 17 नवंबर 2023
2. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1720, अंतिम तिथि 20 नवंबर 2023
3. यूकेएसएसएससी, पद ग्रेजुएट लेवल पोस्ट, पद संख्या 229, अंतिम तिथि 23 नवंबर 2023
4. असम राइफल्स, पद टेक्निकल और ट्रेड्समैन, पद संख्या 161, अंतिम तिथि 19 नवंबर 2023
5. बिहार पुलिस, पद एसआई, पद संख्या 64, अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2023
6. नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड, पद मैनेजमेंट ट्रेनि और अकाउंट अस्सिटेंट, पद संख्या 89, अंतिम तिथि 1 दिसंबर 2023
7. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 496, अंतिम तिथि 30 नवंबर 2023
8. एम्स देवघर,पद हॉस्पिटल अटेंडेंट व अन्य, पद संख्या 91, अंतिम तिथि 16 नवंबर 2023




# दिशा पाटनी ने सारा अली खान को इस फिल्म में किया रिप्लेस, टाइगर श्रॉफ संग करेंगी रोमांस



टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी एक बार फिर से पर्दे पर रोमांस करते नजर आएंगे। ब्रेकअप के बाद यह पहली बार होगा जब वो स्क्रीन शेयर करेंगे। दोनों की जोड़ी को फैन्स हमेशा से पसंद करते आए हैं। उनके ब्रेकअप से फैन्स का भी दिल टूट गया था। दिशा और टाइगर के बीच अब लव रिलेशनशिप भले ना हो लेकिन उनके बीच अभी भी अच्छी बॉन्डिंग है। इस बीच उनके फैन्स के लिए बड़ी खुशखबरी है कि फिर से दोनों फिल्म में साथ दिखने वाले हैं।


**फिल्म से सारा का कटा पत्ता**–दिशा और टाइगर की फिल्म का नाम हीरो नंबर 1 है। पहले फिल्म में सारा अली खान को लिया गया था लेकिन मेकर्स ने उन्हें रिप्लेस कर दिया और रोल के लिए दिशा पाटनी को चुन लिया। ई-टाइम्स से बात करते हुए फिल्ममेकर जगन शक्ति ने कन्फर्म किया कि दिशा और टाइगर फिर से साथ काम करने जा रहे हैं। सारा की जगह दिशा को लेने की खबरों पर जगन ने कहा, दिशा एक्शन करने के लिए सबसे फिट और उपयुक्त हैं। सारा फिल्म का हिस्सा थीं लेकिन दुर्भाग्य से डेट्स मैच नहीं हो पाया। **ऋतिक की कजिन का भी रोल**–हीरो नंबर 1 दो हीरोइनों वाली फिल्म है। इसमें ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन भी हैं। वह टाइगर की लव इंटरेस्ट का रोल करेंगी। हीरो नंबर 1 गोविंदा स्टारर फिल्म का रीमेक या सीक्वल नहीं है। 1997 में आई फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया था।

**अगले साल शुरू होगी शूटिंग**–इससे पहले बात करते हुए एक सूत्र ने कहा था, फिल्म की शूटिंग जनवरी 2024 में लंदन में होगी। टाइगर ने पहले ही एक एक्शन सीक्वेंस शूट कर लिया है। सारा और पश्मीना अगले साल उन्हें ज्वॉइन करेंगी।

# मालदीव में इस तरह बर्थडे सेलिब्रेट कर रहीं अनन्या पांडे, ब्वॉयफ्रेंड आदित्य भी हैं साथ

अनन्या पांडे 25 साल की हो गई हैं। अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करने के लिए वह मालदीव में हैं। उनके कथित ब्वॉयफ्रेंड आदित्य रॉय कपूर भी उनके साथ हैं। वह उनके साथ अपना जन्मदिन मना रही हैं। मालदीव से अनन्या ने कई अपडेट शेयर किए हैं और बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें और वीडियोज दिखाए हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा कि परफेक्ट मॉर्निंग है। सुहाना खान, शनाया कपूर से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाइया दी हैं।

**मालदीव में बर्थडे सेलिब्रेशन**–अनन्या ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर समुद्र का एक खूबसूरत सीन शेयर किया है। अगली तस्वीर में स्ट्राबेरी स्लाइस के साथ पैनकेक है। प्लेट पर हैप्पी बर्थडे लिखा हुआ है। उनकी बेस्ट फ्रेंड सुहाना खान और शनाया कपूर ने विश किया। सुहाना ने अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा, मेरी बेस्टी को जन्मदिन की शुभकामनाएं।



**बर्थडे से पहले की पार्टी**–अनन्या का प्री-बर्थडे सेलिब्रेशन भी हुआ। इस मौके पर उन्होंने ब्लू कलर का ड्रेस पहना। वीडियो को ओरी ने शेयर किया है। वह एक बड़ा सा केक काटती हैं जिस पर उनकी फिल्मों से अलग-अलग तस्वीरें हैं। केक के ऊपर क्लैप बोल्ड भी लगा हुआ है जिस पर लिखा है, हैप्पी बर्थडे अनन्या पांडे 30.10.23।

**पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा**–कुछ दिनों पहले अनन्या और आदित्य का एक वीडियो वायरल हुआ। दोनों रेस्टोरेंट में अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे थे। वायरल क्लिप में एक्ट्रेस ने आदित्य का हाथ पकड़ा हुआ था और उसके कंधे पर अपना सिर रखे हुए थीं। कॉफी विद करण 7 में अनन्या और आदित्य की डेटिंग का पहली बार खुलासा हुआ। करण जौहर ने हिंट दिया कि दोनों डेट कर रहे हैं। उसके बाद उन्हें साथ में वेकेशन से लेकर पार्टीज तक में साथ देखा गया। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या की पिछली फिल्म आयुष्मान खुराना के साथ ड्रीम गर्ल थी। उनकी आने वाली फिल्म खो गए हम कहां और कंट्रोल है।

# क्यों जरूरी है बदलते मौसम में फ्लू और फीवर को गंभीरता से लेना,साथ ही बचने के उपाय भी



बदलते मौसम में सर्दी, खांसी, ज़ुकाम और बुखार यह वे तमाम समस्याएं हैं, जो अक्सर देखने को मिल जाती है और जिसके कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।बदलता मौसम अपने साथ कई खुशियां, कई चुनौतियों और कई तरह की समस्याओं को भी अपने साथ लाता है। फिर चाहे गर्मी के बाद बारिश का मौसम आए, बारिश के बाद ठंड का या ठंड के बाद गर्मी का। इन सभी 'मौसम एक्सचेंज' में एक चीज़ जो स्थिर रहती है, वो होती हैं इसके कारण होने वाली तमाम छोटी-बड़ी बीमारियां। बदलते मौसम में सर्दी, खांसी, ज़ुकाम और बुखार यह वे तमाम समस्याएं हैं, जो अक्सर देखने को मिल जाती है और जिसके कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी मौसम के बदलाव में होने वाले फ्लू और फीवर को गंभीरता से लेना जरूरी है। ऐसे समय में ही इन बीमारियों का खतरा अधिक क्यों होता है, इस सवाल का जवाब लेने के लिए हेल्थ शॉट्स ने ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा हॉस्पिटल के कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. श्रेय श्रीवास्तव से बात की

**मौसम बदलने के साथ ही क्यों बढ़ने लगती हैं बीमारियां?**

इस बारे में डॉ श्रेय श्रीवास्तव बताते हैं कि बदलते मौसम के कारण फ्लू और अन्य बीमारियां फैलाने वाले मक्खी और मच्छरों की तादाद बढ़ने लगती हैं। जिसके कारण इनके खतरों में भी बढ़ोतरी होती है। डॉ. श्रीवास्तव कहते हैं कि ,बदलते मौसम के साथ ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण भी फ्लू के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही तापमान और ह्यूमिडिटी में भी तेजी से बदलाव होने से संक्रमण के प्रति प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया कमजोर हो जाती है, जिसके कारण यह वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने में कम प्रभावी हो जाते है और फ्लू होने की संभावनाएं काफी अधिक बढ़ जाती है।

**अगर दिखने लगें ये लक्षण, तो हो जाएं सतर्क**–डॉ. श्रीवास्तव बताते हैं कि बदलते मौसम में होने वाली इन बीमारियों के आम लक्षण बुखार आना, छींक आना, नाक एवं आंखों से पानी आना, नाक बहना, स्किन पर लाल निशान (चक्कते) और पेट खराब होने जैसी समस्याएं दिखाई पड़ती हैं। साथ ही अगर व्यक्ति की गले में खराश, थकान, सिरदर्द और कंजेशन जैसी स्थितियां भी दिखने लगे तो उस समय व्यक्ति को तुरंत सतर्क हो जाने की आवश्यकता है।

**कैसे कर सकते है इसके बचाव?**

फ्लू और फीवर जैसे लक्षण दिखने के तुरंत बाद आपको सतर्क हों जाने की आवश्यकता है। साथ ही इसके बचाव के लिए आप संयमित मात्रा में प्राकृतिक और आयुर्वेदिक चीज़ों जैसे अदरक, अश्वगंधा और गिलोय का प्रयोग कर सकते हैं, जिससे आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होती है।



# हेल्दी और यंग बने रहना है,तो अपनी डाइट में जरूर शामिल करें सुपरफूड्स

पीरियड क्रेम्प, मेनोपॉज, पीसीओएस जैसी कई समस्याओं का सामना महिलाओं को करना पड़ता है। यदि नियमित रूप से अपने आहार में सुपरफूड्स शामिल करें, तो इन समस्याओं से महिलाओं को राहत मिल सकती है। आइये जानते हैं इन समस्याओं से राहत देने में मदद करने वाले सुपरफूड्स। महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं। टेंडर ब्रेस्ट फूला हुआ पेट, मूड में उतार-चढ़ाव और वाटर रिटेंशन भी। यह पीरियड, मेनोपॉज या पीसीओएस के कारण भी हो सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि महिलाओं को अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्हें अपने आहार में ऐसे सुपरफ़ूड शामिल करना चाहिए, जो उनके मेंटल हेल्थ और फिजिकल हेल्थ दोनों का ख्याल रख सके। कुछ सुपर फ़ूड को उन्हें नियमित रूप से आहार में शामिल करना होगा।

**कैसे सुपरफ़ूड महिलाओं की केयर करता है**–जब सुपरफ़ूड को संतुलित आहार में शामिल किया जाता है, तो ये हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकते हैं। वजन कम करने में मदद कर सकते हैं और ऊर्जा के स्तर में सुधार कर सकते हैं। यहां तक कि उम्र बढ़ने के प्रभावों को भी कम कर सकते हैं। कई सुपरफूड्स में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट कैंसर को रोकने में मदद कर सकते हैं, जबकि हेल्दी फैट हृदय रोग के खतरे को कम कर सकते हैं। पीसीओएस के गंभीर दर्द से ये राहत दिला सकते हैं।इमफर्टिलिटी, मोटापा, अवसाद, पिम्पल्स, बालों का झड़ना, मूड में बदलाव और कई जोखिम कारकों को यह कम करता है।

**1 पम्पकिन सीड्स** –फाइबर, प्लांट बेस्ड प्रोटीन, ओमेगा -3 फैट, कॉपर, आयरन, जिंक और विटामिन ए और बी जैसे पोषक तत्वों से भरपूर कद्दू के बीज महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छे सुपरफूड में से एक हैं। पीएमएस को दूर करने के लिए जरूरी पोषक तत्व मैग्नीशियम मौजूद रहते हैं। मैग्नीशियम पीरियड-प्रेरित मूड परिवर्तनों से राहत देता है। खासकर जब विटामिन बी 6 के साथ संयोजन में उपयोग किया जाता है। यह ब्लड शुगर को नियंत्रित करने टेंडर ब्रेस्ट और सिरदर्द को भी कम कर सकता है। यह प्राकृतिक रूप से मांसपेशियों को आराम देकर पीरियड क्रैम्प से राहत देता है।

**2 एवोकाडो** –पुरुषों की तुलना में महिलाओं के शरीर में वसा प्रतिशत अधिक होता है और मेटाबोलिज्म रेट कम होती है। इसमें फीमेल हार्मोन भूमिका निभाते हैं। एवोकाडो के रोज सेवन से महिलाओं में पेट की आंत की चर्बी कम हो सकती है। साथ ही स्वस्थ वजन घटाने को भी बढ़ावा मिल सकता है। एवोकैडो में लगभग 20 पोषक तत्वों के साथ 100 से कम कैलोरी होती है। वे एंटीऑक्सिडेंट और सूजन-रोधी गुणों से भरपूर होते हैं। हार्ट हेल्दी फैट जैसे ओमेगा -3 हार्मोन हेल्थ का समर्थन करते हैं। आंत के लिए जरूरी फाइबर से भरपूर होते हैं।

# आंखों की इन समस्याओं का कारण है बढ़ता वायु प्रदूषण आईकेयर के लिए एक्सपर्ट बता रहे हैं जरूरी टिप्स

अगर आपकी आंखों में भी प्रदूषण को लेकर कुछ समस्याएं आती हैं, तो साधारण तरह से उसका बचाव कर के आप अपनी इस समस्या को दूर कर सकतीं हैं। नवंबर और दिसंबर आते-आते दिल्ली एनसीआर सहित कई मेट्रो सिटीज़ की हवा बदलने लगती है।



सर्दियों के दिनों में कई कारणों की वजह से यह हवा प्रदूषित हो जाती है, जो अलग-अलग तरह से हमारे शरीर को डैमेज करना शुरू कर देती है। इसके साथ ही बढ़ता हुआ वायु प्रदूषण हमें कई तरह की बीमारियों की चपेट में ले लेता है और हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है।

भारत सरकार द्वारा हवा की गुणवत्ता बताने वाली संस्था सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन AQI का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। दिल्ली एनसीआर में इन दिनों AQI 350 पहुंच गया है, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। हवा की गुणवत्ता हमारे स्वास्थ्य में फेफड़ों, स्किन, ब्रेन सहित आंखों को भी बहुत प्रभावित करती है। इसी बीच अगर आपकी आंखों में भी प्रदूषण को लेकर कुछ समस्याएं आती हैं, तो साधारण तरह से उसका बचाव कर के आप अपनी इस समस्या को दूर कर सकतीं हैं।

**प्रदूषण के कारण आंखों में क्या समस्याएं आ सकतीं हैं ?**

बढ़ता प्रदूषण हमारी आंखों को कई तरह से प्रभावित करता है। जिससे आंखों की विभिन्न समस्याएं काफी हद तक बढ़ सकती हैं। इस पर ऑप्थेल्मोलॉजिस्ट डॉ. जयपाल रेड्डी बताते हैं कि वायु प्रदूषण के कारण आंखों में कई तरह की समस्याएं हो सकती है।

**ड्राई आइज़**–हवा में मौजूद पॉल्यूटैंट आंखों से आंसू को बहुत तेज़ी से इवैपोरेट करते है, जिससे ड्राई आइज़ की समस्या देखने को मिलती है। साथ ही हवा में अक्सर धूल, धुंआ और सूक्ष्म कण जैसी 'एयरबोर्न' चीजें होती है, जो आंखों के संपर्क में आ सकती है और इससे असुविधा हो सकती है।

**बढ़ सकता है ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस**–हवा में मौजूद तमाम तरह के प्रदूषक तत्व आंखों सहित शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस उत्पन्न कर सकते हैं। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस आंखो में मौजूद सेल्स को नुकसान पहुंचाता है, जिससे आंखों में सूजन आ सकती है और देखने में समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# तीर्थ और त्योहार से इकॉनमी को रफ्तार

पिछला बजट पेश करते हुए अपने भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि अन्य फैक्टर्स के अलावा घरेलू खपत में अच्छी बढ़ोतरी से जीडीपी में तेजी आई है। उन्होंने कुछ ऐसे उपायों की भी घोषणा की थी, जिससे देश में खपत बढ़े। खपत को बढ़ावा देना इसलिए जरूरी है कि कारखानों में उत्पादन और रोजगार बढ़े। इसके लिए सरकार समय-समय पर कदम उठाती रहती है। लेकिन घरेलू खपत को सहारा देने में त्योहारों और तीर्थ यात्राओं का बड़ा हाथ है। खासकर पिछले एक दशक से पर्व-त्योहारों के दौरान जमकर खर्च करने की परंपरा बनती जा रही है। लोग कर्ज



राम गोपाल सैनी

लेकर भी तरह-तरह के सामान खासकर गाड़ियां, कपड़े, जूलरी वगैरह खरीद रहे हैं। एफएमसीजी की बिक्री में भी बढ़ोतरी आ जाती है। इस बार तो नवरात्र के दौरान मकानों की बिक्री भी बहुत वर्षों के बाद बढ़ी है, जिससे प्रॉपर्टी मार्केट में फिर से जान आ गई है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी फर्म नाइट फ्रैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई में इस नवरात्र के दौरान मकानों की बिक्री में 37.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।पिछले साल की तुलना में इस बार कारों की बिक्री में 18 फीसदी का इजाफा हुआ। नवरात्र में अकेले मारुति सुजुकी ने एक लाख गाड़ियां बेचीं।पिछले साल धनतेरस में कुल खरीदारी 45,000 करोड़ रुपये की हुई थी, जिसमें 25,000 करोड़ रुपये जूलरी पर खर्च किए गए थे। इस बार जूलरी की बिक्री 40 फीसदी बढ़ी। हल्के जेवरों की तो जबर्दस्त मांग रही। इस साल धनतेरस में भी अच्छी बिक्री की संभावना है। जूलरी पर बढ़े टैक्स के बावजूद इसकी बहुत ज्यादा खरीदारी होने की उम्मीद जताई जा रही है।कोविड महामारी से देश के पूरी तरह मुक्त होने के बाद यह पहला त्योहारी साल है जिसमें लोग खुलकर खरीदारी करेंगे। माहौल आशाजनक है और देश की आर्थिक स्थिति भी अच्छी है। कृषि में भी पैसा आ रहा है। नवरात्र में महंगे स्मार्टफोन की बढ़ी हुई बिक्री इसका एक संकेत है। इस बार त्योहारों के पहले चरण में ही उनकी कुल बिक्री में पिछले साल की इस अवधि की तुलना में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। उम्मीद है कि दिवाली पर इसमें और भी तेजी आएगी। अनुमान है कि इस बार दिवाली और धनतेरस में सोने, वाइट गुड्स, मोबाइल जैसे सामानों की बिक्री में 30 से 40 फीसदी की बढ़ोतरी होगी।त्योहारों के अलावा शादियों भी इकॉनमी को बूस्ट कर रही हैं। अनुमान है कि शादियों के वर्तमान सीजन में 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने देश के प्रमुख 20 शहरों के व्यापारियों के एक सर्वे में बताया कि इन शादियों में धन का बड़ा फ्लो होगा। दिल्ली में ही लगभग एक लाख करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है। इस दौरान रोजगार भी बड़े पैमाने पर बढ़ते हैं।

# मिस आईकॉन इंडिया 2023 के ऑडिशन का हुआ आयोजन




**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर के प्रसिद्ध निभाना होटल में मिस आईकॉन इंडिया 2023 के ऑडिशन किए गए । जिसमें पूरे राजस्थान की 27 पार्टिसिपेंटस ने भाग लिया । आईकॉन इंडिया जूरी में अनीता माथुर, अमृता श्री और अवंतिका ने पार्टिसिपेंट्स का कॉन्फिडेंस टैलेंट राउंड इंट्रोडक्शन कैटवॉक से उनको परखा ।

जयपुर के ऑडिशन से 6 पार्टिसिपेंट्स को दिल्ली में होने वाले सेमीफाइनल में सिलेक्ट किया जाएगा। मिस आईकॉन इंडिया 2023 के गुरुग्राम, मुंबई, पुणे, इंदौर, गुवाहाटी, देहरादून आदि 10 विभिन्न शहरों में इसके ऑडिशंस चल रहे हैं । ग्रैंड फिनाले 23 दिसंबर 2023 को दिल्ली में किया जाएगा । 10 दिन की प्रत्येक पार्टिसिपेंट को ग्रूमिंग क्लासेस जिसमें प्रमुख तौर पर कम्युनिकेशन स्किल, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, स्किल कैटवॉक, बॉडी लैंग्वेज, इंट्रोडक्शन एक्टिंग, स्पीच, डायट, एक्सप्रेशन आदि पर विशेष ग्रूमिंग होगी और यह बिल्कुल फ्री रहेगा ।

दि आईकॉन इंडिया की निदेशक निशा यादव ने बताया जो विनर रहेंगे वह आईकॉन इंडिया में एक साल की उनको वर्किंग कॉन्ट्रैक्ट मेरे लिए जाएंगे । साथ ही उनको फिल्म, फैशन, वेब सीरीज, टीवी सीरियल्स आदि इंडस्ट्रीज में काम करने के अवसर प्रदान करवाएं जाएंगे ।

दि आईकॉन इंडिया भारत की नंबर वन लीडिंग कंपनी है जो 2012 से विशेष तौर से मध्यम व निम्न परिवारों के पार्टिसिपेंट्स को नेशनल प्लेटफार्म उपलब्ध करा रही है ।

समाजसेवी बसंत जैन बैराठी ने बताया कि द इंडियन आईकॉन कंपनी चार तरह के नेशनल लेवल पर ब्यूटी पीजेंट्स आयोजित करती है। जिसमें प्रमुख मिस इंडिया, मिसेज इंडिया, मिस्टर इंडिया, कपल आफ इंडिया है। अब तक 16 प्रतिभागियों को नेशनल चैनल, बॉलीवुड, वेब सीरीज, फैशन इंडस्ट्रीज में काम कर अपना नाम कर रही है।जयपुर की ऑडिशन का संचालन अनीता माथुर, बसंत जैन बैराठी ने किया था। कार्यक्रम में जयपुर की प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर फॉरएवर की डायरेक्टर विजेता जैन भी उपस्थित थी।

# महिलाओं के लिए लगाया अगरबत्ती व मोमबत्ती प्रशिक्षण शिविर

**धौलपुर (हमारा वतन)** धौलपुर जिले के कोलारी गांव में PNB RSETI बैंक द्वारा अगरबत्ती व मोमबत्ती प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ आर.पी. वर्मा डायरेक्टर द्वारा किया गया। इसमें फॉर्म RSETI फैकल्टी शालिग्राम द्वारा भरे गए। इसमें 35 महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें मास्टर ट्रेनर संजय शर्मा लालसोट दोसा द्वारा अगरबत्ती व मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया । मास्टर ट्रेनर संजय शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण ले रही सभी महिलाओं को ड्रेस, भोजन, नाश्ता पीएनबी द्वारा फ्री दिया गया । यह प्रशिक्षण महिलाओं को बिल्कुल फ्री दिया जाता है। इसका उद्देश्य स्वरोजगार को गांव-गांव में बढ़ाना है । इसमें महिलाओं को बाद में रोजगार के लिए बैंकों से लोन भी दिलवाया जाता है । जिसमें महिलाओं को 35 प्रतिशत तक की छूट भी दी जाती है ।



# श्री बिरदीचंद फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ विशाल रक्तदान शिविर

**चौमूं (हमारा वतन)** श्री बिरदीचंद फाउंडेशन के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के आयोजक कौशल कुमार योगी और महेश वर्मा ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया ।



समारोह में विधायक रामलाल शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन बागोरिया उपाध्यक्ष चौमूं तहसील हस्दू, राजस्थान रॉयल जिम डायरेक्टर शंकर योगी, यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा, बनवारी लाल योगी प्रचार मंत्री राजस्थान नाथ समाज, जगदीश योगी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान नाथ समाज, अनुराग शर्मा पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर, मनीष कांग्रेस वर्कर्स कमेटी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश सैनी, मुकेश यादव डायरेक्टर यूनिक कॉमर्स क्लासेस, ओमप्रकाश बुरी, दीपक कुमावत, नेमीचंद सैनी, सोहन सैनी, तेजपाल कुमावत आदि लोग उपस्थित रहे ।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल ऑफसेट प्रिन्टिंग पोस्टर / पम्पलेट बिल-बुक लेटर हेड
शादी कार्ड सवामणी कार्ड स्क्रीन प्रिन्टिंग विजिटिंग कार्ड आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

# जयपुर में घरों-दुकानों पर लगे आरएफआईडी कार्ड गायब

जयपुर (नि.सं.)। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के मालवीय नगर और मुरलीपुरा जोन में कचरा संग्रहण की व्यवस्था सबसे अलग है। इन दोनों जोन में गत 6 महीने से ज्यादा समय से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के साथ शुल्क वसूलने का काम भी काम किया जा रहा है। दोनों जोन के 10 हजार से अधिक लोगों ने प्रतिष्ठान और घरों के बाहर लगे रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन कार्ड (आरएफआईडी) हटा दिए हैं। जब निगम को इसके बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने ऐसे व्यक्तियों पर कार्रवाई के बजाय फिर से ये कार्ड लगाने के आदेश कंपनी को दिए। पहले चरण में निगम 100 बड़े बकायादारों को नोटिस देगा ताकि लोग नियमित रूप से यूजर चार्ज दे सकें।

**अब तक 50 लाख की वसूली की**

इन दोनों जोन में निगम अब तक 50 लाख रुपए यूजर चार्ज के वसूल कर चुका है। जो कंपनी इन जोन में कचरा संग्रहण का काम कर रही है, वही यूजर चार्ज भी वसूल कर रही है। पहली बार निगम ने यूजर चार्ज जमा करने के लिए ऑनलाइन सिस्टम विकसित किया है। नकद देने का कोई प्रावधान नहीं है। मई से यूजर चार्ज वसूली का काम शुरू हुआ है। ज्यादातर लोग ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक एक बार भी कचरा उठाने के बदले में पैसा नहीं दिया है।

RNI No. 10311/1965 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512 सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759 सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा